तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री

न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 29 अप्रैल 2026

11 नई शिक्षा नीति के अनुसार अब स्कूलों में बदलेगी...



12 आईएसबीएम विवि के सदस्यों ने ली नवाचार और...





## खबर संक्षेप

### बाइक फिसलने से ग्रामीण की मौत

**मैनपुर।** क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 38 वर्षीय ग्रामीण की मौत होने से इलाके में शोक की लहर है। यह हादसा मैनपुर से लगभग 15 किमी दूर मोहंदा रोड पर कचना धुर्वा के पास हुआ। थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक का नाम अनिल



कपिल पिता भुपसिंग कपिल 38 वर्ष निवासी चिंदाभाटा धवलपुर बताया जा रहा है। ग्रामीण अनिल कपिल अपनी पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 04 क्यूसी 1168 से ग्राम मोहंदा रिश्तेदार के घर शादी कार्यक्रम में गया था और शादी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शाम तकरिबन 7.30 बजे घर वापस चिंदाभाठा घटौद लौट रहा था कि मोहंदा के आगे कचना धुरवा लारी के पास मोड़ में मोटर साइकिल फिसलकर गिर गया, जिससे उसे गंभीर चोट आई, जहां उसे मैनपुर अस्पताल इलाज के लिए लाया गया, लेकिन उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार तेज रफ्तार या सड़क की स्थिति हादसे का कारण हो सकती है, हालांकि वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

### भरी दोपहरी में नंगे पैर ई-केवाईसी के लिए महिलाएं पहुंचीं रही च्वाइस सेंटर

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर वनांचल क्षेत्र में इन दिनों महतारी वंदन के हितग्राहियों को आधार अपडेट, ई–केवाईसी एवं त्रुटि सुधार



के लिए भारी मशक्कत करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत कार्यालयों सहित तहसील मुख्यालय मैनपुर के च्वाईस सेंटरों में भारी भीड़ सुबह से शाम तक देखने को मिल रही है। ऐसे में हमारे मैनपुर संवाददाता शेख हसन खान ने अपने कैमरे में कैद किया। दोपहरी तेज धूप में वनांचल क्षेत्र में निवास करने वाली एक महिला अपने मासूम बच्चे को गोद मे लेकर ई–केवाईसी का कार्य करवाने मैनपुर च्वाईस सेंटर पहुंची थी, जिनके पैर मे चप्पल भी नहीं था। ऐसे एक नही ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों महिलाओं को इन दिनों च्वाइस सेंटर का चक्कर लगाते देखा जा सकता है।

### धारदार हथियार लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** कोतवाली पुलिस ने धारदार हथियार लेकर घूम रहे एक युवक पर कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक भलेसर रोड मुक्तिधाम महासमुंद के पास लोहे का कत्तल लेकर घूम रहा है। सूचना पुलिस ने आरोपी भानू हरपाल पिता द्वारिका हरपाल (25 वर्ष) वार्ड नं 13 रावणभाठा बागबाहरा हाल निवास वार्ड नं 30 नया रावणभाठा कृष्णा मंदिर के पास महासमुंद के कब्जे से 1 नग लोहे का कत्तल बरामद किया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### कार की टक्कर से पिकअप क्षतिग्रस्त

**महासमुंद।** ग्राम लभरा के सर्किट हाउस के पास कार की टक्कर से पिकअप क्षतिग्रस्त हो गया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि कुलेश्वर यादव 26 अप्रैल को अपनी पिकअप क्र सीजी 04 जेसी 9672 से सरीन हैचरी कोसरंगी से महासमुंद आ रहा था, शाम करीब 4.30 बजे सर्किट हाऊस के सामने ग्राम लभरा के पास पीछे की ओर से आ रही इको क्र सीजी 22 के 3605 के चालक द्वारा अपनी कार को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते आकर उसके वाहन को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।

# अंचल में मचेगी हरा सोना की धूम, मई के पहले पखवाड़े से शुरू होगी तोड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र में मई का पहला सप्ताह या दूसरे सप्ताह से तेंदूपत्ता संग्रहण प्रारंभ हो सकता है। इसके लिए संग्रहकर्ताओं ने तेंदूपत्ता को बांध कर रखने के लिए जंगल जा कर एक विशेष पेड़ से छाल निकाल कर लाते हैं। ग्रामीण भूवेन्द्र मरकाम, कसराम ठाकुर, पीला बाई ठाकुर, कुबेर भुजिया, रामूसिह नागेश, तमेशर मरकाम, टिकेश्वरी कोमर्रा, डोमेश चौहान ने बताया कि अटायन के वृक्ष की छाल निकाल कर लाते हैं। इस छाल की रस्सी की खास बात या होती है कि इसमें दीमक नहीं लगता और हरा सोना यानी तेंदूपत्ता सुरक्षित रहता है। एक मानक बोरे में तेंदूपत्ता की एक हजार गड्डियां होती है। और प्रत्येक गड्डी में 50 पत्ते होते हैं। तेज कड़कती धूप में कड़ी मेहनत कर हरा सोना संग्रहण करने वाले ग्रामीण सुबह 5 बजे से ही तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए परिवार सहित घर पर सिर्फ़ बुजुर्ग को छोड़कर बाकी सभी घर के सदस्य संग्रहण के लिए निकल पड़ते हैं। जिस दिन तेंदूपत्ता संग्रहण का शुभारंभ होता है, उस दिन गांव की गलियों में वीरानी छा जाती हैं। वनांचल क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों के लिए यह कहावत वास्तव में चरितार्थ होती है, तेंदूपत्ता यहां सोने जैसा है। छुरा परिक्षेत्र के अंतर्गत 16 लघु वनोपज सहकारी समितियों में तेंदूपत्ता फंडों में ठेके के माध्यम से खरीदी की जाती है। इस समय जंगलों में तेंदुआ, भालू की सूचना समय समय पर मिल रहा है। तेंदूपत्ता संग्राहकों को ▶▶|शेष पेज 10 पर

## ग्रामीण तेंदूपत्ता बांधने जंगल से लाने लगे अटायन के पेड़ की छाल



### ठेके के माध्यम से की जाती है खरीदी

तेज कड़कती धूप में कड़ी मेहनत कर हरा सोना संग्रहण करने वाले ग्रामीण सुबह 5 बजे से ही तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए परिवार सहित घर पर सिर्फ़ बुजुर्ग को छोड़कर बाकी सभी घर के सदस्य संग्रहण के लिए निकल पड़ते हैं। जिस दिन तेंदूपत्ता संग्रहण का शुभारंभ होता है, उस दिन गांव की गलियों में वीरानी छा जाती हैं। वनांचल क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों के लिए यह कहावत वास्तव में चरितार्थ होती है, तेंदूपत्ता यहां सोने जैसा है। छुरा परिक्षेत्र के अंतर्गत 16 लघु वनोपज सहकारी समितियों में तेंदूपत्ता फंडों में ठेके के माध्यम से खरीदी की जाती है। इस समय जंगलों में तेंदुआ, भालू की सूचना समय समय पर मिल रहा है।

## अभियान : अब पूरे जिले में चेकिंग अभियान की उठी मांग

# राजिम में शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस की सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

गरियाबंद जिले की राजिम पुलिस जिस तरह से सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं से बचाने के लिए जो अभियान चलाया हुआ है उसकी तारीफ न केवल विधानसभा क्षेत्र राजिम में हो रही है, बल्कि समूचे जिले में कमोवेश इसी तरह से वाहन चालको के ब्रेथ ऐनालाइजर से जांच की मांग उठ रही है ताकि होने वाली दुर्घटनाओं और उसमें जा रही जान बचाई जा सके। इस संबंध में राजिम के धार्मिक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठनो ने एसपी गरियाबंद से मांग की है कि जिस तरह से राजिम थाना के टीआई अमृत लाल साहू द्वारा यह अभियान चलाया हुआ है ठीक इसी तरह जिले के पांडुका,फिंगेश्वर,छुरा,मैनपुर, देवभोग और गरियाबंद थाना द्वारा अभियान चलाया जाए। राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू तथा ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ चेकिंग की राजिम में हो रही तारीफ, अब पूरे जिले में ब्रेथ ऐनालाइजर जांच की मांग





### सबसे ज्यादा दुर्घटना नेशनल हाइवे 130 राजिम-गरियाबंद मार्ग पर

सबसे ज्यादा दुर्घटना नेशनल हाइवे 130 राजिम-गरियाबंद मार्ग पर बढ़ती दुर्घटनाओं के पीछे प्रमुख कारण नशे में ड्राइविंग और तेज रफ्तार को माना जा रहा है। ऐसे में यदि पूरे मार्ग पर एकसमान सख्ती बरती जाए तो दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। लोगों ने यह भी स्पष्ट किया है कि कार्रवाई में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। चाहे व्यक्ति कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, नियमों का उल्लंघन करने पर उसके खिलाफ सख्त और समान कार्रवाई होनी चाहिए। राजिम में चल रहा यह सघन चेकिंग अभियान सड़क सुरक्षा की दिशा में एक मजबूत पहल के रूप में उभर रहा है। यदि इसी तरह की कार्रवाई पूरे क्षेत्र में लगातार और निष्पक्ष रूप से लागू की जाए, तो राजिम-पांडुका-गरियाबंद मार्ग को सुरक्षित बनाया जा सकता है और दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।



# मंत्री की घोषणा पर छुरा में 13 साल से अमल नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर में वर्ष 2012 में जिले के प्रभारी मंत्री पून्नूराम मोहिले, सासंद चन्दू लाल साहू ने नगर सुराज कार्यक्रम में नगर के उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री मोहिले ने छुरा नगर के वार्ड 13, 14, 15 के मकानों के छत पर से 11 के व्ही विद्युत लाइन को मोहल्ले वासियों के मांग पर हटाने के लिए दस लाख स्वीकृति की घोषणा की थी। लेकिन मंत्री की घोषणा पर अमल आज तक नहीं हुआ। मंत्री ने घोषणा तो कर दी, लेकिन विद्युत विभाग गरियाबंद मोहल्लेवासियों को डिमांड नोट तेरह साल में चौबीस बार भेज चुका है। मंत्री की घोषणा को पूरा करने के लिए छुरा नगर के मोहल्लेवासी पैसा विद्युत विभाग गरियाबंद को भुगतान करें, तब मंत्री की घोषणा पूरा होगी। मोहल्लेवासी जब जब मंत्री मुख्यमंत्री कलेक्टर गरियाबंद को स्मरण पत्र भेजते हैं, तब तब बिजली विभाग गरियाबंद के अधिकारी डिमांड नोट भेजकर पैसा पटाने के लिए नोटिस थमा देते हैं।मंत्री जी की घोषणा पूरा करने के लिए जनता की जेब खाली होने के कारण समस्या का समाधान के लिये गरियाबंद कलेक्टर आफिस से बिजली विभाग, नगर पंचायत छुरा के बीच तेरह साल से कागजी कार्यवाही कछुआ गति से चल रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं जिला के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल, सांसद, विधायक तत्कालीन कलेक्टर दीपक अग्रवाल को पुनः स्मरण कराया गया है क्या घोषणा पर अमल होगा कि पांच साल तक कागजी घोषणा दौड़ेगा।

■ कागजों में उलझी 11 केवी लाइन शिफ्टिंग फाइल

# फणीकेश्वरनाथ कॉलेज की राह पथरीली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

वर्षों से फणीकेश्वरनाथ कालेज मार्ग में पक्की सड़क नहीं बनने से कालेज में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को कच्चे सड़क मार्ग से आना जाना पड़ता है, जिसके चलते उनकी सायकिल खराब होती है। वहीं पर पैर मे चोट भी लग जा रही है। नागरिकों एवं पालकों ने कालेज मार्ग में पक्की सड़क निर्माण की मांग अंचल के विधायक रोहित साहू से की है।

भाजपा शासनकाल में 2015 मे अस्तीत्व में आये फणीकेश्वर नाथ कालेज में आज गांव गांव के छात्र–छात्राएं पढ़ने आ रहे जो अच्छे अंकों से पास भी हो रहे हैं। इस कालेज के खुलने से अंचल में उच्च शिक्षा का ग्राफ भी बढ़ा है। गरीब से गरीब घर के बच्चे 12 वी के बाद कालेज पहुंचकर ग्रेजुवेशन कर रहे हैं, लेकिन इनके चलने के लिए पथरीली मुरूम युक्त मार्ग मिला है। कालेज को खुले इतने साल हो गये हैं, लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि के द्वारा छात्र–छात्राओं के हित में इस सड़क मार्ग की सुधि नहीं ली गई। कहते हैं ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ 700 छात्र–छात्राओं की परेशानी देख विधायक रोहित साहू से सड़क बनाने की अपील






# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भाजपा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भाजपा मंडल गरियाबंद के नेतृत्व में मंगलवार को तिरंगा चौक में महिला मोर्चा और युवा मोर्चा ने कांग्रेस और राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया और नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में आवाज बुलंद की।

जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने और संसद व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने के उद्देश्य से नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाया गया है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने वाला महत्वपूर्ण कानून है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और विपक्ष द्वारा इस विधेयक का विरोध महिलाओं की आकांक्षाओं और अधिकारों के खिलाफ है। भाजपा महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहेगी और जरूरत पड़ी तो सड़क से संसद तक संघर्ष करेगी।

भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पारख ने कहा कि कांग्रेस का महिलाओं के अधिकारों को लेकर दोहरा चरित्र एक बार फिर सामने आया है। एक ओर कांग्रेस महिला सशक्तिकरण की बात करती है, वहीं दूसरी ओर महिलाओं को उनका हक मिलने में बाधा उत्पन्न करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं को सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए निरंतर काम कर रही है और आगे भी करती रहेगी। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बिंदु सिन्हा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाया ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ महिला मोर्चा ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध, महिलाओं के अधिकारों पर राजनीति का लगाया आरोप



कांग्रेस और राहुल गांधी का पुतला दहन

## मुख्यमंत्री, सांसद, मंत्री और विधायक पहुंचेंगे गांव-गांव

# जिले में 1 मई से शुरू होगा सुशासन तिहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

राज्य शासन द्वारा जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाओं का उपलब्धता सुनिश्चित कराने सुशासन तिहार 2026 के आयोजन के संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किया गया है। राज्य शासन द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों के आधार पर सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत 1 मई से 10 जून की अवधि में ग्रामीण क्षेत्र में जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक 15–20 ग्राम पंचायतों में एक जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह नगरीय क्षेत्र में वार्डों एवं क्लस्टरों के आधार पर जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा इन शिविरों में शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में व्यापक जनजागरूकता सुनिश्चित करने तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का समुचित लाभसुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही शिविर में प्राप्त आवेदनों का एक माह के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने एवं प्रत्येक आवेदक को उसके आवेदन के निराकरण की सूचना अनिवार्य रूप से प्रदान करने के भी निर्देश दिए गए हैं। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों के अलावा अभियान के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्री, सांसद, विधायकगणों के अलावा मुख्य सचिव एवं प्रभारी सचिव अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान उनके द्वारा विकास कार्यों का औचक निरीक्षण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री, मंत्रीगणों तथा वरिष्ठ ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ 4 मई से 10 जून तक विभिन्न गांवों में लगेंगे जनसमस्या निवारण शिविर





# राजिम में प्याऊ, तो नवापारा में बेजुबानों के लिए की जा रही जीवनदायिनी पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

तेज धूप और भीषण गर्मी ने इन दिनों जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। तापमान में लगातार बढ़ोतरी से लोग जहां अपने-अपने स्तर पर गर्मी से बचाव के उपाय कर रहे हैं, वहीं कुछ जागरूक नागरिक मानवता और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता की मिसाल भी पेश कर रहे हैं। इसी कड़ी में राजिम शहर के बस स्टैंड क्षेत्र में नगर पालिका के सीएमओ संतोष विश्वकर्मा द्वारा सराहनीय पहल की गई है। बस स्टैंड के दो प्रमुख स्थानों पर ठंडा पानी पिलाने के लिए प्याऊ की व्यवस्था की है, जिससे राहगीरों, यात्रियों और आम नागरिकों को भीषण गर्मी में बड़ी राहत मिल रही है। दिन भर यहां लोगों की आवाजाही रहती है और गर्मी से परेशान लोग ठंडा पानी पीकर राहत महसूस कर रहे हैं। नवापारा शहर में ठीक इसी तरह पृथ्वी फाउंडेशन जैसी समाजसेवी संस्था ने शहर में करीब 100 लोगों के घर पहुंचकर पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने मिट्टी का बर्तन दिया है, ▶▶|शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप



### विधायक जनक ध्रुव चिखली मड़ई में शामिल हुए

**मैनपुर।** बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ग्राम चिखली में आयोजित मड़ई मेला में शामिल हुए। गांव के बाजार प्रागण स्थित मंदिर परिसर में आयोजित मड़ई मेला देवी देवताओं की पूजा अर्चना और क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके बाद नवीन पानी टेंकर के लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचे। विधायक जनक ध्रुव राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल मे बसे भाठापानी कुचेंगा पहुंचकर जहां ग्रामीणो से मुलाकात किये और उनकी समस्याओ को जाना कई समस्याओ का तत्काल समाधान करने के लिए उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए इस दौरान कई समाजिक धार्मिक एवं व्यवाहिक कार्यक्रम मे शामिल हुए। इस मौके पर भुनेश्वर नेगी, तिलक मरकाम, विष्णु नेताम, रामदास, दीनाचंद मरकाम, ललिता यादव, पंकज मांझी सहित क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

### जिला साहू संघ में महिला प्रकोष्ठ की जिला उपाध्यक्ष बनीं खुशी साहू

**राजिम।** जिला साहू समाज के तत्वावधान में समाज को सशक्त एवं संगठित करने की दिशा में



एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। जिसमें राजिम की महिला नेत्री खुशी साहू को साहू समाज महिला प्रकोष्ठ की जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति पर समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं। उपस्थित जनों ने विश्वास जताया कि खुशी साहू अपने पद की जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए समाज की महिलाओं को संगठित करने एवं उनके उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। साहू समाज के जिला अध्यक्ष प्रवीण साहू के प्रति खुशी साहू ने आभार जताया है।

# उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के इको सेंटर में वन्यजीव फोटोग्राफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर


उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के इको सेंटर कोयबा में परिक्षेत्र दक्षिण उदंती, उत्तर उदंती इंदागांव, तौरेंगा, कुल्हाड़ीघाट एवं अरसीकँहार में कार्यरत परिसर रक्षी, पेट्रोलिंग श्रमिक, हाथी ट्रैकर, हार्नबिल ट्रैकर एवं उड़न गिलहरी ट्रैकरों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं तकनीकी रूप से सशक्त बनाना था। कार्यक्रम में सहायक संचालक उदंति, परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण उदंति एवं परिक्षेत्र अधिकारी इंड़ागांव की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रशिक्षण के दौरान प्रसिद्ध वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर अभिनन्दन तिवारी द्वारा प्रतिभागियों को वन्यजीव फोटोग्राफी के महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई। उन्होंने कैमरे के सही उपयोग, वन्यजीवों की सुरक्षित दूरी से फोटो लेने की तकनीक तथा जंगल में फोटोग्राफी के दौरान सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया। इसके अतिरिक्त वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से आईं सुश्री सुमंद्रीता बनजएँ, हरिहर प्रसाद एवं प्रफुल्ल कुमार सिंह द्वारा प्रतिभागियों को ट्रैप कैमरा संचालन एवं उसके सही उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में ट्रैप कैमरा लगाने की उपयुक्त जगह का चयन, कैमरे की सेटिंग, बैटरी एवं मेमोरी प्रबंधन तथा वन्यजीवों की गतिविधियों को रिकॉर्ड करने की तकनीकों के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई।


### कर्मचारियों को मिला विशेष प्रशिक्षण




#### पक्षियों की ली फोटो

इस प्रशिक्षण से क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों एवं ट्रैकर्स की क्षमता में वृद्धि होने की उम्मीद जताई गई है, जिससे वन्यजीवों की निगरानी, संरक्षण एवं उनके व्यवहार के अध्ययन में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे तकनीकी प्रशिक्षण आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान विभिन्न पक्षियों का फोटो लिया गया।







**विरोध :** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संसद में कांग्रेसियों के विरोध पर जताया आक्रोश

# भाजपाइयों ने गोहरापदर में फूंका राहुल गांधी का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को उनका हक देने के लिए संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2026 का प्रस्ताव लाया, जिसके संसद में पारित नहीं होने पर लगातार देश भर में भाजपाई सड़क पर उतरकर कांग्रेसियों का विरोध कर रहे हैं। इसी कड़ी भाजपा मंडल गोहरापदर द्वारा महिलाओं को मिलने वाले आरक्षण का विरोध करने वाली कांग्रेस पार्टी के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। इसमें प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी,



जनपद पंचायत अध्यक्ष मोहना नेताम, मंडल अध्यक्ष भोजराज सिन्हा के नेतृत्व में भाजपाइयों ने कांग्रेस सहित सम्पूर्ण विपक्ष को महिला विरोधी करार देते हुए विरोध प्रदर्शन किया।ज्ञात हो कि विगत दिनों देश की 50 प्रतिशत आबादी को देश के सबसे बड़ी पंचायत में सहभागिता दिलाने के लिए संसद के दोनों सदनों में महिला आरक्षण के लिए बिल लाया गया जिसका संपूर्ण विपक्ष ने विरोध करते हुए उसे सदन में पारित नहीं होने दिया। इस दौरान प्रमुख रूप से अरुण ठाकुर,बेनुराम नागेश,त्रिलोचन हंसराज,कीर्तनराम यादव,छगन नागेश, गौकरण कश्यप, तुलसी निधि,उमरिया नागेश, पदमन नागेश, पुस्तम सिन्हा, दीपक कश्यप, संजुक्ता दास, ममता पाथर, कुंती साहू, पूर्णिमा साहू, ममती पटेल,केशंती मांझी, खेमदी साहू सहित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### महिला आरक्षण बिल पास नहीं होने पर भाजपा ने जताया आक्रोश, विपक्षी नेताओं का फूंका पुतला

**रसेला।** महिलाओं के अधिकारों पर वार, कांग्रेस है जिम्मेवार के नारे के साथ मंगलवार को शाम कोडमाल में भाजपा मंडल मलेवाअचल के महिला मोर्चा अध्यक्ष हेमलता ध्रुव और महामंत्री नारायण सिन्हा जनपद सदस्य के नेतृत्व में जन आक्रोश महिला पदयात्रा निकाली। संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित नहीं होने देने पर महिलाएं आक्रोशित दिखी और कांग्रेस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही विपक्षियों का पुतला दहन भी किया गया। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष हेमलता ध्रुव ने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण न मिलना देश की आधी आबादी के साथ अन्याय है। इस विधेयक से लोकसभा की मजबूत भागीदारी होती। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी



महिला विरोधी है और महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित रखना चाहती है। वहीं मोदी सरकार लगातार महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम कर रही है, ताकि आधी आबादी सशत्त होकर निर्णय ले सकें और नेतृत्व कर सकें। इसी कड़ी में त्रिवेणी ध्रुव,लीला बाई ध्रुव,अहेनमती ध्रुव, गायत्री ध्रुव ने कहा अगर महिला आरक्षण बिल पास हो जाता तो पंचायत से लेकर संसद तक महिलाओं की भागीदारी बढ़ती और फिर महिलाएं भी अपने लिए कानून बनाने में सक्षम हो पाती, लेकिन विपक्ष ने ये होने नहीं दिया इसलिए आज विपक्षी नेताओं का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर महामंत्री नारायण सिन्हा,कुशल ध्रुव, जितेंद्र,गैदसिह ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल 2023 महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन लोगों ने आरोप लगाया कि संसद में इसका पारित न होना महिला सशक्तिकरण के खिलाफ विपक्षी नेताओं की साज़िश का हिस्सा है। इस दौरान पुन्नी बाई ध्रुव,सुरजा ध्रुव,त्रिलोका ध्रुव,उमेश्वरी, संतोषी,पवन यादव, भगवान सिंह दीवान,रोहनी दीवान,बिदा बाई, ममता यादव,डिगेश्वरी दीवान, मीना बाई ध्रुव,नेहा ध्रुव, गैंदसिंह, पुनऊ राम यादव सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि और समर्थक मौजूद रहे।

## गायत्री शक्तिपीठ में हुआ भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सम्मान समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ राजिम में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं श्रीफल फोड़कर किया गया। इस अवसर पर गरियाबंद जिले के पांचो विकासखंड के कक्षा पांचवी से बारहवीं तक के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह श्रीफल, कलम एवं साहित्य भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चंदूलाल साहू (अध्यक्ष भंडार गृह बीज निगम) ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा भारत की गौरवशाली विरासत और नैतिक मूल्यों में युवाओं की रुचि को पुनर्जीवित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. इस परीक्षा का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को भारतीय संस्कृति के समृद्धि इतिहास, परंपराओं और नैतिक मूलयों के बारे में जानने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने आगे कहा कि पंडित राम शर्मा आचार्य द्वारा लगभग 3200 पुस्तक लिखा गया है। यह परीक्षा न केवल छात्रों की बौद्धिक और नैतिक समझ को मजबूत करती है, बल्कि उन्हें अपनी जड़ों की गहराई से जुड़ने में भी मदद करती है। जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर ने कहा कि भारतीय संस्कृति व सभ्यता विश्व की सर्वाधिक प्राचीन एवं समृद्ध संस्कृति व सभ्यता है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का उद्देश्य युवा पीढ़ी में सांस्कृतिक चेतना, नैतिकता और प्राचीन ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देना है। एच.एल.साहू जिला समन्वयक ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 22 राज्यों के 450 जिलों में 11 भाषा में संचालित की जा रही है. भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का उद्देश्य एक अच्छे इंसान एवं चरित्र का निर्माण करना है। अतः भारतीय संस्कृति ज्ञान हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। श्याम चंद्राकर सांख्यिकीय अधिकारी ने कहा कि संस्कृति किसी भी देश, जाति और समुदाय की आत्मा होती है। सुभाष शर्मा विकासखंड स्रोत समन्वयक ने कहा कि भारतीय संस्कृति हमारी पहचान है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर मिश्रा, प्राचार्य रामायण मिश्रा, आलोक शर्मा, नोहर सिंह धीवर, राजेंद्र नाग व्याख्याता अशोक मिश्रा,पूरन लाल साहू, टीकम साहू जिला समन्वयक, टीकम सेन ब्लॉक समन्वयक, संतोष साहू शिक्षक, बसंत साहू, दुर्गावती सिन्हा,तेजराम साहू,चेतन सिन्हा,गिरवर चंद्रवंशी, टीकाराम साहू,परमानंद यादव, जगदीश साहू, मेघ राम साहू, बिहारी निषाद, टोपेश्वरी सिन्हा,मुस्कान साहू, कविता साहू, ऐश्वर्या साहू, दीपा साहू, गीतांजलि साहू,पूरन लाल साहू, केसरी साहू, पवन गुप्ता, श्यामू साहू, विक्रम मेघवानी सीताराम साहू सहित विभिन्न विद्यालय से आए हुए शिक्षक एवं पालकगण उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष...

### अंचल में मचेगी...

जंगल जाना पड़ता है। यही कारण है कि सतर्कता भी बेहद जरूरी है। तेंदूपत्ता ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आजीविका संवर्धन का प्रमुख साधन होता है।

### राजिम में शराब ...

विभिन्न धार्मिक संगठनो ने यह मांग करते हुए कहा कि मनुष्य का जीवन बहुत कीमती है लिहाजा इसकी सुरक्षा बहुत ही आवश्यक है। हालांकि पुलिस की जांच पड़ताल इसी को बचाने के लिए होती है। मालूम हो कि सड़क सुरक्षा को लेकर राजिम पुलिस का रुख सख्त जरूर लगता है लेकिन यह उसकी भलाई के लिए है। खासतौर से शाम के समय चलाए जा रहे सघन जांच अभियान ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों में खलबली मचा दी है। पुलिस द्वारा ब्रेथ ऐनालाइजर मशीन के जरिए लगातार जांच की जा रही है, जिससे न केवल नियमों का पालन सुनिश्चित हो रहा है बल्कि दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लग रहा है। राजिम में गरियाबंद मार्ग पर पुलिस द्वारा रोजाना शाम करीब 5 बजे से लेकर रात 8:30 से 9 बजे तक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान संदिग्ध वाहन चालकों की ब्रेथ ऐनालाइजर से जांच की जाती है। नशे में पाए जाने पर तत्काल 10 हजार रूपए की चालानी कार्रवाई की जाती है। बात यदि अप्रेल महीने की करें तो 24 प्रकरण शराब पीकर वाहन चलाने के दर्ज किए गए जिसमें 2,40,000 जुर्माना वसूला गया। यह आंकड़े साफ संकेत देते हैं कि अभियान का सीधा असर नियम तोड़ने वालों पर पड़ रहा है। पुलिस द्वारा मालवाहक वाहनों में अवैध रूप से सवारी ढोने के मामले में भी 14 प्रकरण दर्ज किए गए जिससे 70,000 जुर्माना वसूला गया। इसमें जुर्माना का प्रावधान 5 हजार रूपए है। चूंकि कई मालवाहक वाहन सवारी ढोते समय दुर्घटनाग्रस्त हुई और उसमें कईयो की जाने भी गई। हो रही इन कार्रवाईयो को लेकर शहर के गणमान्य नागरिकों और विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने पुलिस की सराहना की है। उनका कहना है कि इस तरह का सख्त अभियान लंबे समय तक जारी रहना चाहिए ताकि लोगों में कानून का डर बना रहे और सड़कें सुरक्षित बन सकें। क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि यह अभियान केवल राजिम तक सीमित न रहकर पूरे क्षेत्र में लागू किया जाए। विशेष रूप से पांडुका थाना क्षेत्र, गरियाबंद कोतवाली क्षेत्र,छुरा थाना क्षेत्र, फिंगेश्वर थाना क्षेत्र, इन इलाकों में भी शाम 4:30-5 बजे से रात 9 बजे तक नियमित जांच अभियान चलाने की आवश्यकता बताई गई है।

### फणीकेश्वरनाथ ...

राजनीति की बड़ी शुरूवात भी कालेज से होती हैं लेकिन राजनीतिज्ञ लोगों ने कालेज के इन छात्र छात्राओं को महत्व नहीं दिया। जब भी चुनाव आता है तो इन्हीं कालेज के बच्चो से राजनीतिज्ञ लोग हाथ जोड़कर वोट मांगते हैं और ये छात्र छात्राएं और उनका परिवार वोट भी देते आ रहे हैं, लेकिन उनकी परेशानियों को दर किनार किया जाता रहा है। इस मार्ग से केवल छात्र–छात्रओं को परेशानी नहीं होती अपितु कालेज स्टाप सहित इस मार्ग से आने जाने वाले किसानों को भी इन पथरीली मार्गों से आना जाना पड़ता है। इस कालेज में 700 से भी अधिक बच्चे अध्ययन करते हैं और उन 700 बच्चो के पालक भी चाहते है कि रोड की व्यवस्था दुरूस्त हो। उच्च शिक्षा हासिल करने जाने वाले छात्र–छात्राओं के लिए एक पक्की सड़क मार्ग न हो तो भला कालेज के मान सम्मान मे जहां कमी होती है, वहीं पर शिक्षा के क्षेत्र मे विकास की बाते कहना बेईमानी होगी। हालांकि कालेज मे शिक्षा को लेकर अतिरिक्त भवन का निर्माण हो रहा है लेकिन उस कालेज भवन तक पहुंचने के लिए सुंदर व्यवस्थित मार्ग नहीं होना सभी लोगों के आंखों की किरकरी बनी है। वर्तमान विधायक रोहित साहू द्वारा कई सड़क मार्गो के लिए भारी भरकम राशि दिलाकर आम जनता के लिए सड़क मार्ग का श्रीगणेश किया गया है, जिसको जानकार नगर के नागरिक एवं छात्र छात्राओं ने भी उनसे अपील की है कि उच्चशिक्षा के लिए कालेज मार्ग में एक पक्की सड़क मार्ग उनके कार्यकाल मे बन जाये।ज्ञात हो कि इस कालेज मे पढ़ने वालों में लड़कियों की संख्या अधिक है जो अपने अपने साधन से इस कालेज के पथरीली मार्ग पर रोजाना आना जाना करती हैं।

### नारी शक्ति वंदन ...

गया यह विधेयक महिलाओं को उनका वर्षो से लंबित अधिकार दिलाने का प्रयास है, लेकिन कांग्रेस ने इसका विरोध कर यह साबित कर दिया कि वह महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को सीमित रखना चाहती है। इसी विरोध में महिला मोर्चा ने काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन में लालिमा ठाकुर, शिवांगी चतुर्वेदी, पारस ठाकुर, लेखराम ध्रुवा, रिखी यादव, सागर मयानी, खेमसिंह बघेल, विष्णु मरकाम, मिलेश्वरी साहू, दुलारी साहू, मंजरी गुप्ता, मधु देवांगन, रेणुका साहू, सरिता साहू, प्रियंका सोनी, मानव निर्मलकर, रवि चंद्राकर, राज डे, अमित साहू, शिवांग देवांगन, मोहन फूलदीप, मोनू मार्कण्डेय, महेश मार्कण्डेय, खोदू ध्रुव, नवीन यादव, अजय डोंगर, अविनाश दीवान, अर्चना उपाध्याय, जमुना गजभिए, सरला उईके, नेहा जॉन, पुष्पा यादव और सविता गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जिले में 1 मई...

अधिकारियों के औचक निरीक्षण के पश्चात दोपहर बाद जिला मुख्यालयों में अधिकारियों के साथ बैठक भी आयोजित की जाएगी। जिसमें समाधान शिविरों में प्राप्त आवेदनों की स्थिति और विभिन्न योजनाओं व परियोजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही बैठक में आगामी कार्य योजना पर भी चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा समीक्षा बैठक में शामिल होने के उपरांत प्रेस वार्ता भी ली जाएगी। इस दौरान वे विभिन्न संगठनों एवं नागरिकों से भेंट भी करेंगे।

**गरियाबंद जिले में 4 मई से 10 जून तक विभिन्न गांवों में लगेगा शिविर-** गरियाबंद जिले में सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले में जनसमस्या निवारण शिविरों का कार्यक्रम 4 मई को फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत भवन सेम्हरतरा में आयोजित की जाएगी। इसी तरह 5 मई को छुरा विकासखण्ड के हाई स्कूल प्रांगण पाटसिवनी में, 6 मई को गरियाबंद विकासखड के शासकीय हाई स्कूल परिसर मौहाभांठा में, 7 मई को मैनपुर विकासखण्ड के नवापारा के छात्रवास परिसर में तथा 8 मई को देवभोग विकासखण्ड के मुड़ागांव के शहीद भीष्म कुमार यदु हाई स्कूल परसिर में आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार 11 मई को फिंगेश्वर विकासखण्ड शासकीय प्राथमिक शाला पोखरा, 12 मई को छुरा विकासखण्ड को ग्राम पंचायत भवन नवापारा, 13 मई को गरियाबंद विकासखण्ड भुतेश्वरनाथ धाम परिसर मरौदा, 14 मई को मैनपुर विकासखण्ड के हाई स्कूल परिसर झरगॉव और 15 मई को देवभोग विकासखण्ड के शासकीय मिडिल स्कूल मुगझर, 18 मई को फिंगेश्वर विकासखण्ड के प्राथमिक शाला भेण्ड्री में, 19 मई को छुरा विकासखण्ड के धान उपार्जन केंद्र कनसिंघी में, 20 मई को गरियाबंद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भवन बिन्द्रनवागढ़ में, 21 मई को मैनपुर विकासखण्ड के बुड़गेलटप्पा में, 22 मई को देवभोग विकासखण्ड के शासकीय हाई स्कूल चिचिया में, 25 मई को फिंगेश्वर विकासखण्ड के शासकीय हाई स्कूल बोरसी में, 26 मई को छुरा विकासखण्ड के ग्राम नागझर के बाजार शेड में, 28 मई को गरियाबंद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भवन खरहरी में, 29 मई को मैनपुर विकासखण्ड के शासकीय स्कूल गोना में, 1 जून को फिंगेश्वर विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला भेण्ड्री, 2 जून को छुरा विकासखण्ड में गायडबरी के आश्रम शाला के पास, 3 जून को गरियाबंद विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला आमदी द में और 4 जून को मैनपुर विकासखण्ड के गोपालपुर में शिविर लगाए जाएंगे। जहां विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहकर आम जनता की समस्याओं का मौके पर समाधान करेंगे।

### राजिम में प्याऊ...

जिन्हें ये मिला है वे आसपास के पेड़ों और खुले स्थानों पर चिड़ियों के लिए पानी और दाना रखने लगे हैं, जिससे इस तपती गर्मी में उन्हें भी जीवनदायिनी राहत मिल सके। इस नेक पहल से न केवल पक्षियों की प्यास बुझ रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जीवों के प्रति दया का संदेश भी समाज में फैल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के छोटे-छोटे प्रयास समाज में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। जरूरत है कि अन्य लोग भी इससे प्रेरणा लें और अपने-अपने स्तर पर इस तरह की व्यवस्था करें, ताकि भीषण गर्मी के इस दौर में अधिक से अधिक लोगों और जीव-जंतुओं को राहत मिल सके। बता दें कि राजिम नगर पालिका के सीएमओ संतोष विश्वकर्मा का यह कार्य निस्वार्थ सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया है। ठीक इसी तरह यदि समाज के अन्य लोग भी आगे आएं, तो निश्चित रूप से गर्मी की इस विकट परिस्थिति में राहत का दायरा और भी व्यापक हो सकता है।

# सुशासन तिहार शिविर का शुभारंभ 4 को राजिम के सेम्हरतरा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

सीएम विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जिले में आम जनता की शिकायतों के समयबद्ध और प्रभावी निराकरण के लिए सुशासन तिहार-2026 का आयोजन 1 मई से 10 जून तक किया जाएगा। सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले के विभिन्न विकासखण्डों में शासन के मंशानुरूप आमजनों के समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों के निराकरण के लिए जिला प्रशासन विभिन्न गॉवों में शिविर का आयोजन कर रहा है। जिसमें जिले के समस्त विभागो की उपस्थिति होगी। शिविर में नागरिकों के समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के साथ-साथ हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। यह आयोजन जिले के पांचो विकासखण्ड राजिम-फिंगेश्वर-छुरा -गरियाबंद-मैनपुर-देवभोग में आयोजित की जाएगी। कलेक्टर बीएस उइके ने सुशासन तिहार को प्रभावी बनाने के लिए संबंधित क्षेत्र के एसडीएम को नोडल अधिकारी बनाया है। गरियाबंद कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की है कि आम जनता अपनी मांग, शिकायत एवं समस्याओं को जिला प्रशासन के समक्ष रखें। सुशासन तिहार के अंतर्गत 4 मई को पहला शिविर राजिम से लगे गांव सेम्हरतरा के पंचायत भवन में आयोजित होगी। इसी तरह 5 मई को छुरा विकासखण्ड के हाई स्कूल प्रांगण पाटसिवनी ,6 मई को गरियाबंद विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल परिसर मौहाभांठा ,7 मई को मैनपुर विकासखण्ड के नवापारा के छात्रावास परिसर तथा 8 मई को देवभोग विकासखण्ड के मुड़ागांव के शहीद भीष्म यदु हाई स्कूल परसिर में आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार 11 मई को राजिम के शासकीय प्राथमिक शाला पोखरा, 12 मई को छुरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भवन नवापारा, 13 मई को गरियाबंद विकासखण्ड के भुतेश्वरनाथ धाम परिसर मरौदा, 14 मई



को मैनपुर विकासखण्ड के हाई स्कूल परिसर झरगॉव और 15 मई को देवभोग विकासखण्ड के शासकीय मिडिल स्कूल मुंगझर तथा 18 मई को राजिम क्षेत्र के प्राथमिक शाला भेण्ड्री ,19 मई को छुरा विकासखण्ड के धान उपार्जन केंद्र कनसिंघी ,20 मई को गरियाबंद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भवन बिन्द्रानवागढ़ ,21 मई को मैनपुर विकासखण्ड के बुड़गेलटप्पा ,22 मई को देवभोग विकासखण्ड के शासकीय हाई स्कूल चिचिया ,25 मई को राजिम के शासकीय हाई स्कूल बोरसी में, 26 मई को छुरा विकासखण्ड के ग्राम नांगझर बाजार शेड ,28 मई को गरियाबंद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भवन खरहरी ,29 मई को मैनपुर विकासखण्ड के शासकीय स्कूल गोना ,1 जून को फिंगेश्वर विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला भेण्ड्री, 2 जून को छुरा विकासखण्ड में गायडबरी के आश्रम शाला के पास, 3 जून को गरियाबंद विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला आमदी द में और 4 जून को मैनपुर विकासखण्ड के गोपालपुर में शिविर लगाए जाएंगे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## 20 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 5 मृतकों के निकटतम वारिसान के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम सिंघी के मृतक द्रोण निषाद के पिता मदन निषाद के लिए, मृतक दुष्यंत निषाद के पिता डगेश्वर निषाद एवं पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम अरंड के मृतक कुमार सिंह मरकाम की पत्नी अहिल्या बाई ध्रुव के लिए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह विद्युत तार की चपेट में आने से मृत्यु होने पर सरायपाली विकासखंड के ग्राम लिमउगुड़ा के मृतक सेतलाल साव की पत्नी बालमोती साव के लिए तथा आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सुखीपाली के मृतक तीर्थराज भोई की पत्नी हेमकुमारी भोई के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## बस स्टैंड में पेयजल व शरबत वितरण

सरायपाली। भीषण गर्मी को देखते हुए स्व. सुशील जैन की स्मृति में उनके मित्रों द्वारा शहर के सभी 15 वार्डों के लिए पेयजल की आपूर्ति के लिए पानी टैंकर की शुरूआत की गई है। इस टैंकर के माध्यम से प्रतिदिन शहर के जिस भी वार्ड में पेयजल की आवश्यकता होगी, वहां पानी की आपूर्ति की जाएगी। इसके अलावा मित्र मंडल द्वारा शहर के हृदय स्थल जयस्तंभ चौक के पास स्व. सुशील जैन की स्मृति में ही तेज गर्मी में आने-जाने वाले राहगीरों को राहत पहुंचाने के लिए आज से शरबत वितरण भी प्रारंभ किया गया है। यहां से प्रतिदिन नियमित रूप से राहगीरों को शरबत उपलब्ध कराया जाएगा। ज्ञात हो कि स्व.जैन वर्षों तक व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष रहे और सदैव जन सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते थे।

## तहसील मुख्यालय का छिन्द तालाब सूखा...



मैनपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर का यह छिन्द तालाब है, जो भीषण गर्मी में एक माह पहले ही पूरी तरह सुख चुका है और बड़े –बड़े दरारें आ गई है। तालाब में एक बूंद भी पानी नहीं है।
छाया – शेख हसन खान।

## गर्मी में जनगणना ड्यूटी के खिलाफ शिक्षक संघ, समय बदलाव और 1 करोड़ का बीमा मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

एक मई से शुरू होने वाली जनगणना के घर-घर सर्वे कार्य को लेकर प्रदेश के शिक्षकों में नाराजगी देखने को मिल रही है। पड़ रही भीषण गर्मी और लू के चलते शिक्षकों ने इस ड्यूटी पर गंभीर आपत्ति जताई है। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता एवं रायपुर संभाग अध्यक्ष राम नारायण मिश्रा बिजली का कहना है कि जब शासन स्वयं नागरिकों को भीषण गर्मी से बचने की सलाह दे रहा है, तब शिक्षकों को फील्ड वर्क पर भेजना उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।



प्रदेश में तापमान लगातार बढ़ रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के निर्देश के अनुसार मई माह में स्थिति और गंभीर होने की आशंका जताई गई है। शिक्षक संगठन का तर्क है कि घर-घर जाकर डेटा एकत्र करने के लिए पैदल कई घंटों तक भटकना होगा, जिससे लू लगने और स्वास्थ्य खराब होने का गंभीर खतरा बना रहेगा। शिक्षक संघ के अध्यक्ष रामनारायण मिश्र बिजली ने प्रशासन से स्पष्ट मांग की है कि सर्वे का समय सुबह 6 बजे से 10 बजे तक किया जाए, जिसका वे निष्ठापूर्वक पालन करेंगे, अन्यथा इस कार्य के लिए वैकल्पिक व्यवस्था लागू की जाए।

शिक्षकों ने कार्य के दौरान सुरक्षा का भी मुद्दा उठाया है। मिश्रा ने कहा कि यदि इस कठिन मौसम में शिक्षकों से काम लिया जाता है, तो किसी भी दुर्घटना या स्वास्थ्य संकट की स्थिति में उनके परिवारों को कम से कम 1 करोड़ रुपये का बीमा कवर दिया जाना चाहिए।

# नई शिक्षा नीति के अनुसार अब स्कूलों में बदलेगी शिक्षण पद्धति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा



**ईएमआरएस कोसम्बुड़ा के प्राचार्य ने टेरी में ली ट्रेनिंग**

एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, कोसम्बुड़ा, के प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव द्वारा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित टीईआरआई में दो दिवसीय एक्सपोज़र विज़िट में सहभागिता की गई। यह कार्यक्रम नई शिक्षा नीति के प्रमुख उद्देश्यों—अनुभवात्मक अधिगम बहुविषयक शिक्षा, कौशल आधारित शिक्षा तथा समग्र विकास को व्यवहारिक रूप में समझने का एक उत्कृष्ट अवसर सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण, वायु प्रदूषण, आपदा प्रबंधन एवं सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा सत्र आयोजित किए गए। साथ ही, स्नातक एवं शोध स्तर के विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे शोध कार्यों का प्रदर्शन किया गया, जिससे शिक्षा में अनुसंधान एवं नवाचार के महत्व को समझने का अवसर प्राप्त हुआ।



इस एक्सपोजर विज़िट के माध्यम से यह स्पष्ट हुआ कि एनईपी 2020 के अनुरूप शिक्षा को केवल सैद्धांतिक न रखकर उसे वास्तविक जीवन से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थियों में जिज्ञासा, आलोचनात्मक चिंतन, समस्या समाधान एवं संप्रेषण कौशल विकसित करने हेतु इस प्रकार के कार्यक्रम अत्यंत उपयोगी हैं।

दो दिवसीय विजिट का अनुभव साझा करते हुए प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने बताया कि इस प्रकार के अनुभवात्मक कार्यक्रम विद्यालयी शिक्षा को अधिक प्रभावी, प्रासंगिक एवं भविष्य उन्मुख बनाने में अत्यंत सहायक हैं। इस विज़िट के पश्चात विद्यालय में पर्यावरण एवं सतत विकास पर आधारित प्रोजेक्ट-आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने, इको-क्लब एवं ग्रीन कैंपस गतिविधियों को सशक्त बनाने, विद्यार्थियों हेतु करियर उन्मुख मार्गदर्शन सत्र आयोजित करने तथा उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ शैक्षणिक सहयोग स्थापित करने की दिशा में पहल की जाएगी।

उन्होंने आगे बताया कि टीईआरआई में आयोजित यह एक्सपोज़र विज़िट नई शिक्षा नीति 2020 के सिद्धांतों—अनुभवात्मक अधिगम, बहुविषयक दृष्टिकोण एवं कौशल-आधारित शिक्षा—को व्यवहार में उतारने की दिशा में एक अत्यंत सार्थक एवं प्रेरणादायक अनुभव रहा। इसने न केवल शिक्षा के प्रति दृष्टिकोण को व्यापक बनाया, बल्कि विद्यालय में नवाचार, शोध-उन्मुखता एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण वातावरण विकसित करने की दिशा में भी नई प्रेरणा प्रदान की।

# पक्षियों के लिए आश्रय बने खोमन गुरुजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर



**जीव-करुणा की पहल से समाज को दिया संदेश**

समाज में संवेदनाओं के क्षीण होते स्वर के बीच, जब आत्मकेंद्रित उत्सवों की परंपरा अपने चरम पर है, ऐसे समय में खोमन गुरुजी का यह मानवीय एवं धर्मार्थ कदम एक सजीव प्रेरणा बनकर उभरा है। अपने जन्मदिवस जैसे निजी और हर्षोल्लास पर उन्होंने परोपकार, पर्यावरण-संरक्षण और जीव-करुणा के उत्सव में रूपांतरित कर दिया।

गुरुजी ने इस अवसर पर पक्षियों के लिए आकर्षक एवं सुरक्षित पक्षी-गृह का निर्माण करवाया, जिसमें छाया के साथ दाना और शीतल जल की समुचित व्यवस्था की गई है।

शिक्षक खोमन सिन्हा ने कहा अभि शुरुआत छुईहा बस स्टैंड, सहकारी समिति चरौदा,धान संग्रहण केन्द्र कुण्डेल, फिंगेश्वर, राजिम, कौंदकेरा इत्यादि स्थानों में व्यवस्थित किया जायेगा, इसे और विस्तार किया जाएगा। तप्त ग्रीष्म ऋतु में जब जलस्रोत सूखने लगते हैं और नन्हें पक्षी जीवन के संघर्ष में जूझते हैं, तब यह पहल उनके लिए आश्रय, आहार और जीवन-रक्षा का माध्यम बनती है। यह कार्य केवल एक निर्माण या व्यवस्था नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना व धर्मार्थ का साकार रूप है, एक ऐसा संदेश जो हमें स्मरण कराता है कि 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' का भाव केवल मानव तक सीमित न रहकर समस्त जीव-जगत तक विस्तारित होना चाहिए। खोमन गुरुजी ने अपने इस प्रयास से समाज के समक्ष यह आदर्श प्रस्तुत किया है कि सच्चा उत्सव वही है, जो दूसरों के जीवन में सुख और सहारा लेकर आए।आंचलिक स्तर पर इस पहल की विधायक, जनप्रतिनिधि, समाज एंव सभी वर्गों में व्यापक सराहना हो रही है। सामाजिक और साहित्यिक जगत में इसे करुणा का काव्य और प्रकृति के प्रति श्रद्धांजलि जैसे विशेषणों से विभूषित किया जा रहा है। यह पहल न केवल पक्षी संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि समाज में सह-अस्तित्व और संवेदनशीलता की भावना को भी प्रबल करती है।

अंततः यह कहना समीचीन होगा कि खोमन गुरुजी का यह कार्य केवल एक दिन की घटना नहीं, बल्कि एक विचार-धारा है—एक ऐसी चेतना, जो हमें अपने उत्सवों को अर्थपूर्ण बनाने और प्रकृति के साथ संतुलन स्थापित करने की प्रेरणा देती है।



प्रस्तुति - उत्कर्ष शर्मा रिपोर्टर, राजिम, मो.नं. 9752106022, श्याम किशोर शर्मा ब्यूरोचीफ हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं. 7987124123

## खबर संक्षेप

### झलमला में साप्ताहिक बाजार का शुभारंभ 2 को

**नर्रा।** ग्राम पंचायत राटापाली के आश्रित झलमला में 2 मई शनिवार को साप्ताहिक बाजार का शुभारंभ किया जाएगा। अब नर्रा के बाद झलमला में साप्ताहिक बाजार शुरू होने से आसपास के ग्रामीणों को दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुएं व सब्जियां मिलेंगी। नर्रा क्षेत्र अलग-अलग साप्ताहिक बाजार लगेगा। जिसके तहत अब गुरुवार को नर्रा, शुक्रवार परसुली, शनिवार झलमला, रविवार बिंद्रावन, सोमवार उखरा, मंगलवार खट्टी और बुधवार को पंडरीपानी में बाजार लगता है।

### परिजन को 2 लाख रुपए सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** दुर्घटना में मृतक के परिजन को हुए अपहानि को दृष्टिगत रखते हुए दावा निपटान आयुक्त एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा दो लाख रुपए की प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इनमें टक्कर मारकर भागने मोटरयान सड़क दुर्घटना में सरायपाली विकासखंड अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर ग्राम छुईपाली राफेल चौक के पास गुरु घासीदास वार्ड क्रमांक 15 महलपारा निवासी सुभाष नायक की मृत्यु हो गई थी। अपहानि के कारण मृतक के विधिक प्रतिनिधि के रूप में उनकी पत्नी मिथिलेश नायक को दो लाख रुपए की प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### अंकोरी में जगन्नाथ मंदिर वार्षिक उत्सव का आयोजन

**महासमुंद।** जनपद क्षेत्र के आदर्श ग्राम अंकोरी में जगन्नाथ मंदिर के तृतीय वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित वार्षिक उत्सव एवं अष्टप्रहरी नाम संकीर्तन महायज्ञ श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में हुआ। चिलचिलाती भीषण गर्मी के बीच भी हरिनाम का अखंड जाप अद्भुत आस्था, अटूट श्रद्धा और दिव्य भक्ति की अलौकिक अनुभूति से ओतप्रोत रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

**अनदेखी :** जल जीवन मिशन के तहत लाखों खर्च कर पानी टंकी का निर्माण, बिजली के अभाव में नहीं मिल रहा लाभ


# विकास के दावों से कोसों दूर कोकड़ी पंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा दूरस्थ आदिवासी वनांचल क्षेत्र के ग्रामों तक तमाम विकास के दावों की पोल खुलकर रह जाती है। जब ग्राम पंचायत कोकड़ी के आश्रित ग्रामों की स्थिति देखते है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 32 किमी दूर ग्राम पंचायत कोकड़ी की आबादी लगभग 4500 के आसपास है और यह आदिवासी बहुल्य ग्राम है। बावजूद इसके आजादी के 79 वर्षों बाद भी यहां के ग्रामीण मूलभूत बुनियादी सुविधाओं सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली जैसी अपनी जरूरतो के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ग्राम पंचायत कोकड़ी के चार आश्रित ग्राम है- बरगांव, नकबेल, छिन्दभर्री और चिपरी, जहां पहुंचने के लिए आज तक पक्की सड़क का निर्माण नही किया गया है। नगबेल रास्ता में बड़ी नदी बहती है, जहां पुल निर्माण की मांग वर्षों से किया जा रहा है, क्योंकि बारिश के दिनों में इन ग्रामों का संपर्क ग्राम पंचायत मुख्यालय से टूट जाता है और गर्भवती माताओं के साथ बीमार व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल तक लाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस कारण अब तक कई लोगों की अकाल मौत हो चुकी है और तो और कोकड़ी में अब तक उपस्वास्थ्य केन्द्र भी नहीं खोला जा सका है, जबकि यहां स्वास्थ्य सुविधा कुछ भी नहीं है। मजबुरन यहां के ग्रामीणों को इलाज के लिए भटकना पड़ता है। ग्राम पंचायत के सरपंच कृष्णाबाई मंडावी, पूर्व सरपंच दैनिक राम मंडावी, जनपद सदस्य रमुला मरकाम, मन्नाराम मरकाम, रमेश मरकाम, मनीराम नेताम, गोपालसिंह एवं ग्रामीणो ने हरिभूमि को बताया कि उपस्वास्थ्य केन्द्र खोलने के लिए कई बार मांग कर चुके है लेकिन अब तक मांग पूरा नही हुआ है सरपंच एवं ग्रामीणों ने बताया कोकड़ी और चिपरी में लाखों रूपये खर्च कर जल जीवन मिशन योजना के तहत विशाल पानी टंकी का निर्माण किया गया है।

**छोटे से कमरे में पांच कक्षाओं का एक साथ संचालन-** ग्राम कोकड़ी, नगबेल में स्कूल भवन के अभाव के चलते एक अतिरिक्त छोटे से कमरे में पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी एवं पांचवी कक्षा के बच्चे एक साथ बैठक कैसे पढ़ाई करते होंगे यह सोचने का विशय है लेकिन इस ओर कभी शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने ध्यान नही दिया और तो और भवन अधुरे है इसके बारे में भी शिक्षा विभाग अधिकारियों को कोई जानकारी नही होना समझ से परे है।

## बुनियादी सुविधाओं को तरस रहा कोकड़ी पंचायत




### ग्राम पंचायत सचिव के लापरवाही के चलते नहीं खुलता कार्यालय

ग्राम पंचायत कोकड़ी मे पदस्थ सचिव 35 किमी दूर निवास करते है और वह प्रतिदिन पंचायत कार्यालय नहीं खोलते और तो और एक -एक पखवाड़े तक पंचायत नही पहुंचते जिसके कारण सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओ का लाभ ग्रामीणो को नही मिल पा रहा है। ग्राम पंचायत के सचिव के उदासीन रवैये की शिकायत ग्रामीणो द्वारा जनपद पंचायत मैनपुर मे किया जा चुका है लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नही किया गया है ग्रामीणो ने इस दिशा मे जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी से कार्यवाही करने की मांग किया है।

### सरपंच ने बताया कई बार मांगपत्र देकर थक चुके हैं

ग्राम पंचायत कोकड़ी के सरपंच कृष्णाबाई मंडावी एवं पूर्व सरपंच दैनिक राम मंडावी ने बताया ग्राम पंचायत कोकड़ी एवं आश्रित ग्रामों में बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, उपस्वास्थ्य केन्द्र, नल जल योजना प्रारंभ कराने सहित मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए कई बार आवेदन देकर थक चुके हैं, लेकिन अब तक इस ओर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है। सरपंच ने बताया अब इस मामले को लेकर ग्रामीणों के साथ राजधानी पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर समस्या समाधान की मांग करेंगे।



### राशन के लिए मीलों पैदल दूरी तय करना पड़ता है आदिवासियों को

ग्राम नगबेल, चिपरी, छिन्दभर्री के आदिवासी ग्रामीणो को राशन लेने के लिए पगडंडी पथरीली जंगल मार्ग को पार कर कोकड़ी पहुंचना पड़ता है तब कही जाकर चांवल, दाल, नमक मिल पाती है। यहां के ग्रामीण बताते है सांसद विधायक और जिले के अफसर तो दूर जनपद स्तर के अधिकारी भी वर्शो से इस गांव में नही पहुंचे है जिसके कारण ग्रामीणों को मूलभूत बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है। गांव मे कई हैंडपंप खराब पड़े हुए है जिसका सुधार नही हो पा रहा है सौर ऊर्जा सिस्टम 20 वर्श पुराना होने के कारण अब बेहद दयनीय स्थिति मे पहुंच गया है और एक डेढ़ घंटा चलने के बाद पूरी रात ग्रामीणो को अंधेरे मे जीवन यापन करना पड़ता है।

# आईएसबीएम विवि के सदस्यों ने ली नवाचार और उद्यमिता की सीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



इंदिरा गांधी कृषि विवि का शैक्षणिक एवं नवाचारपरक भ्रमण किया

आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नवापारा कोसमी, गरियाबंद के संस्थान नवाचार परिषद के सदस्यों द्वारा 28 अप्रैल को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर स्थित कृषि-नवाचार एवं कृषि-व्यवसाय इन्क्यूबेशन केंद्र तथा खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय का शैक्षणिक एवं नवाचारपरक भ्रमण किया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य कृषि, खाद्य प्रौद्योगिकी, कृषि-व्यवसाय, स्टार्टअप, नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों को समझना तथा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को भविष्य में बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान आशीष कश्यप ने अपने प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण के माध्यम से कृषि-नवाचार एवं कृषि-व्यवसाय इन्क्यूबेशन केंद्र की कार्यप्रणाली, उद्देश्य, उपलब्ध सुविधाओं और कृषि आधारित स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में कृषि केवल परंपरागत खेती तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि खाद्य प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, उत्पाद विकास, पैकेजिंग, ब्रांडिंग, विपणन और तकनीकी नवाचार के माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार के अनेक नए अवसर प्रदान कर रही है। श्री कश्यप ने सदस्यों के साथ संवाद करते हुए कहा कि किसी भी अच्छे विचार को सफल उद्यम में बदलने के लिए सही मार्गदर्शन, प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग, व्यावसायिक योजना, बाजार से जुड़ाव और इन्क्यूबेशन केंद्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कृषि एवं खाद्य प्रौद्योगिकी से जुड़े नवाचारों, स्थानीय संसाधनों के उपयोग, उत्पाद निर्माण, उद्यमिता विकास तथा युवाओं के लिए उपलब्ध संभावनाओं पर भी विस्तृत चर्चा की। उनका प्रस्तुतीकरण अत्यंत ज्ञानवर्धक, व्यावहारिक और प्रेरणादायक रहा।

आई.एस.बी.एम. विश्वविद्यालय के संस्थान नवाचार परिषद के सदस्यों ने इस भ्रमण को अत्यंत उपयोगी एवं सार्थक बताया। सदस्यों ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से प्राप्त अनुभव विद्यार्थियों को स्टार्टअप, नवाचार और उद्यमिता के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस भ्रमण से यह समझ विकसित हुई कि ग्रामीण एवं कृषि प्रधान क्षेत्रों में नवाचार की अपार संभावनाएँ हैं। यदि विद्यार्थियों को सही दिशा, मार्गदर्शन और मंच प्राप्त हो, तो वे कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और स्थानीय उत्पादों पर आधारित सफल स्टार्टअप स्थापित कर सकते हैं।

